H2024HND0801

# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - हिंदी (प्रथम भाषा)

**समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे** **कक्षा- 8** **पूर्णांक-60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** – सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न – 1 चन्देलों का राज्य किसके समय भारत का सबसे शक्तिशाली राज्य था? 1

(A) परमार देव (B) राजा धंग (C) त्रैलोक्य बर्मन (D) जय शक्ति

प्रश्न – 2 आई.सी.एस.की परीक्षा में बैठने वाले व्यक्ति इनमें से कौन थे? 1

(A) महात्मा गांधी (B) जवाहरलाल नेहरू (C) सुभाष चंद्र बोस (D) भगत सिंह

प्रश्न – 3 चौंसठ योगिनी मंदिर कहाँ है? 1

(A) मदन महल में (B) त्रिपुरी में (C) भेड़ाघाट में (D) तिलवारा में

प्रश्न – 4 धन का स्वभाव कैसा होता है? 1

(A) स्थिर (B) चंचल (C) शांत (D) अविचल

प्रश्न – 5 'हे भगवान' वाक्यांश में कौन-सा विराम चिह्न लगेगा ? 1

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्ण विराम (C) योजक चिह्न (D) विस्मय बोधक

**रिक्त स्थान ( प्रश्न 6 – 10 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न – 6 गुप्तवंश का राज्यकाल भारतीय इतिहास में.......के नाम से जाना जाता है। 1

प्रश्न – 7 पंछी शब्द का तत्सम रूप..............है। 1

प्रश्न – 8 'भट' शब्द का अर्थ ..............होता है । 1

प्रश्न – 9 बिश्नोई समाज की स्थापना सन्..............में की गई थी। 1

प्रश्न– 10 'ईमानदार' का विलोम शब्द .............. है । 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 11 – 16 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न– 11 चंद्रगुप्त द्वितीय को कौन–सी उपाधि मिली थी? विक्रमादित्य 2

प्रश्न– 12 हरिश्चंद्र नाटक को देखकर मोहन को किस बात की प्रेरणा मिली? सत्य , हिंसा 2

प्रश्न– 13 'नव नभ' से कवि का क्या आशय है? नए भारतवर्ष का निर्माण 2

प्रश्न – 14 कुमार गन्धर्व का वास्तविक नाम क्या था? सिद्राम कोमकली 2

P.T.O.

प्रश्न – 15 पटना शहर का पुराना नाम क्या है? पाटलिपुत्र 2

प्रश्न – 16 'स्वतंत्रता' शब्द की सही वर्तनी लिखिए? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 17 – 22 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30 -40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न – 17 अफ्रीका में गांधी जी को किन–किन अपमानजनक घटनाओं का सामना करना पड़ा? 3

प्रश्न – 18 रैदास की भक्ति किस भाव की है? उदाहरण देकर लिखिए? 3

प्रश्न – 19 श्रीधर की कौन-सी काव्य पंक्तियाँ नर्मदा के 'दूध-धारा' पर सटीक बैठती हैं? 3

प्रश्न – 20 म.प्र. का वन विभाग प्रतिवर्ष किस क्षेत्र में पुरस्कार देता है? 3

प्रश्न – 21 अपने प्रधानाध्यापक को स्थानांतरण प्रमाण–पत्र हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। 3

प्रश्न – 22 निम्न मुहावरों का अर्थ लिखिए एवं वाक्य में प्रयोग करें। 3

(क) पहाड़ टूट आना

(ख) टस से मस ना होना।

(ग) दाँतों चने चबाना।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 23 – 26 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70–80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न – 23 डॉ. चंद्रा सामान्य जनों से किस प्रकार भिन्न थीं? 5

प्रश्न – 24 भक्त रैदास ने भगवान से अपना संबंध स्थापित करते हुए किस–किस से अपने को जोड़ा है? 5

प्रश्न – 25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

विद्यालय में छात्र का चरित्र निर्माण होता है। निष्कपट और निस्वार्थ भाव से सेवा करने का पाठ भी यहां सिखाया जाता है। गुरुआज्ञा का पालन और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी यहीं मिलता है। यथाशक्ति मानवता को पोषित करने का भाव भी यहीं मिलता है। वास्तव में विद्यालय व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला और राष्ट्रधर्म को अंकुरित करने की पौधशाला है।

(अ) गुरु की आज्ञा मानने का संदेश कहाँ मिलता है? 1

(ब) विद्यालय, निष्कपट व निस्वार्थ शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए। 3

(स) विद्यालय किसकी पौधशाला है? 1

प्रश्न – 26 किसी देखे हुए मेले का वर्णन करते हुए एक निबंध लिखिए। 5